प्रेस नोट

दिनांक 04.05.2023

थाना बबीना पुलिस द्वारा अपहृत/गुमशुदा बालक को 24 घंटे के अन्दर सकुशल किया गया बरामद

थाना बबीना पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0स0 135/23 धारा 363 भादवि0 के अभियोग से से सम्बन्धित अपहृत/गुमशुदा वालक शिव यादव पुत्र चन्द्रभान निवासी आरामशीन शिव कलौनी चौकी भेल बबीना झाँसी उम्र करीब 16 वर्ष को 24 घण्टे के अन्दर रेलवे स्टेशन झाँसी से बरामद किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 03-05-2023 को वादी श्री चन्द्रभान सिंह शिव कालोनी बीएचईएल निवासी थाना बबीना झांसी द्वारा थाना बबीना पर सूचना दी कि उनका पुत्र शिव यादव पुत्र चन्द्रभान सिंह उम्र करीब 15 बर्ष जो दिनांक 02-03-2023 की शाम करीब 07.00 बजे कम्प्यूटर कोचिंग गया था और घर वापस नहीं लौटा है।

सूचना पर थाना बबीना पुलिस द्वारा तत्काल मु0अ0स0 135/23 धारा 363 भादवि0 बनाम अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुये अपहृत/गुमशुदा शिव यादव को सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस टीमों को लगाया गया। कोचिंग संचालक व अन्य लोगों से गुमशुदा शिव यादव उपरोक्त के बारे में जानकारी की गयी है। पुलिस टीमों के अथक प्रयास से अपहृत/गुमशुदा वालक शिव यादव उपरोक्त को 24 घण्टे के अन्दर रेलवे स्टेशन झाँसी से बरामद किया गया।

अपहृत/गुमशुदा वालक शिव यादव उपरोक्त ने बताया कि वह बनारस घूमने गया था प्रकरण में किसी प्रकार का कोई अपराध होना नही पाया गया है। अपहृत/गुमशुदा वालक को उसके पिता चन्द्रभान व परिवारीजनों के सुपुर्द कर विधिक कार्यवाही की गयी है ।

गुमशुदा का नाम व पता-

शिव यादव पुत्र चन्द्रभान निवासी आरामशीन शिव कलौनी चौकी भेल बबीना झाँसी उम्र करीब 16 वर्ष

बरामद करने वाली थाना पुलिस टीम –

1.श्री अशोक कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना बबीना जनपद झाँसी

2.व0उ0नि0 श्री रावेन्द्र कुमार मिश्रा थाना बबीना

3.उ0नि0 श्री प्रकाश सिंह चौकी प्रभारी भेल बबीना

4.का0 1252 पवन कुमार चौकी भेल बबीना

5.का0 956 राहुल यादव चौकी भेल बबीना